# कुक्षी की कविता वर्मा ने अंग्रेजी विषय में हासिल की पीएचडी की उपाधि



ईफराज कुरैशी, कुक्षी। सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, कुक्षी से जुड़ी कविता वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी, इंदौर से अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने की पात्रता हासिल की है।मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी द्वारा जारी पीएचडी अधिसूचना के अनुसार, शोधार्थी कविता वर्मा ने अंग्रेजी विषय में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उनके शोध का विषय ÷ष्ट.स्र. Lewis: A Study of Inculcating Moral Values in Children through The Chronicles of Narnia" रहा। इस महत्वपूर्ण शोध में प्रसिद्ध साहित्यकार सी.एस. लुईस की चर्चित कृति 'द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया' के माध्यम से बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास और उनके साहित्यिक प्रभाव का अध्ययन किया गया है। कविता वर्मा ने अपना शोध कार्य मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी, ए.बी. रोड, पिगडंबर, राऊ, इंदौर स्थित Faculty of AHSS के भाषा एवं अंग्रेजी विषय के अंतर्गत पूर्ण किया। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉ. शालिनी मोध ने किया। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार कविता वर्मा का वाइवा-व्हॉइस 14 अगस्त 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसके पश्चात मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी द्वारा 25 अगस्त 2026 को जारी पीएचडी अधिसूचना में उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री के लिए योग्य घोषित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन



महेश्वर ।(इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरे नगर में त्योहार की रौनक देखने को मिली । सुबह से ही बहनों ने तैयार होकर शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, तो भाइयों ने भी जीवनभर बहनों की रक्षा करने का वचन दिया।

# अधिकारियों की अनदेखी से ग्राम पंचायत दोहद बदहाल-गोराड़िया और गुलगांव रैयत के बिल चढ़ाकर राशि आहरण करने का आरोप

## 15 अगस्त के लड्डुओं के नाम पर भी बड़ा खेल



बीड़। जनपद पंचायत पुनासा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दोहद प्रशासनिक उपेक्षा, वित्तीय अनियमितताओं और भारी अव्यवस्थाओं की बानगी बनती जा रही है। मुख्य मार्ग पर स्थित होने के बावजूद इस ग्राम पंचायत कार्यालय के ताले पर आज तक किसी वरिष्ठ अधिकारी की नजर नहीं पड़ी है।

**सचिव जगदीश चौहान की अनुपस्थिति, नोटिस तक जारी नहीं-** ग्राम पंचायत दोहद के सचिव जगदीश चौहान अक्सर अपने दायित्वों से नदारद रहते हैं और पंचायत कार्यालय में ताला लटका रहता है। ताज्जुब की बात यह है कि सचिव की इस लगातार अनुपस्थिति और लापरवाही के बावजूद आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने की इच्छा तक जाहिर नहीं की है।

**पंचायत दर्पण पोर्टल का मजाक- अन्य पंचायतों के बिल लगाकर राशि का दोहन-**मामले में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा वित्तीय आहरण को लेकर हुआ है। शासन द्वारा पारदर्शी लेन-देन के लिए बनाए गए पंचायत दर्पण पोर्टल को सचिवों ने मजाक बनाकर रख दिया है। ग्राम पंचायत दोहद के पोर्टल पर गोराड़िया और गुलगांव रैयत जैसी अन्य ग्राम पंचायतों के बिल चढ़ाकर शासकीय राशि का आहरण कर लिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि अपलोड किए गए बिलों का विवरण कुछ और है, जबकि निकाली गई राशि का आंकड़ा कुछ और ही बयां कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच व सचिव संभवतः किसी अन्य पंचायत के सचिव की डिजिटल सिग्नेचर (DSC) का गलत इस्तेमाल कर इन राशियों का आहरण कर रहे हैं।

**15 अगस्त पर 70 किलो लड्डू और ?16,800 का बिल-**शासकीय राशि के दुरुपयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पंचायत भवन में रंग-रोगन तक नहीं कराया गया, लेकिन कागजों में एक छोटे से गांव के लिए 70 किलो लड्डू खरीदने का दावा करते हुए ?16,800 का बिल पास करा लिया गया। इसके अलावा, पोर्टल से हर महीने फर्जी बिलों के जरिए राशि निकाली जा रही है। कई बिलों में जीएसटी नंबर तक दर्ज नहीं हैं और ऐसे वेंडरों को सेलर बनाया गया है जिनकी दुकानें क्षेत्र में मौजूद ही नहीं हैं।

**पुनासा जनपद में व्यापक जांच की आवश्यकता- कलेक्टर से संज्ञान लेने की मांग-**प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर ग्राम पंचायत सरपंचों एवं सचिवों के लिए कार्यशालाएं आयोजित कर समझाइश दी जाती है और विकास कार्यों के लिए लाखों-करोड़ों रुपये की राशि आवंटित की जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। पुनासा जनपद पंचायत की कई ऐसी पंचायतें हैं, जहां शासकीय राशि का जमकर दोहन किया जा रहा है।

यदि इन पंचायतों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करा ली जाए, तो कई सचिवों को अपनी नौकरी तक गंवानी पड़ सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला कलेक्टर खंडवा स्वयं इस संवेदनशील और गंभीर मामले पर संज्ञान लें। ग्रामीणों की मांग है कि पूरे वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जाए और दोषी सरपंच व सचिव जगदीश चौहान पर पंचायती राज अधिनियम की सख्त धाराओं के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**इनका कहना** - में देखता हूं ऐसा कैसे हो रहा है

**राकेश शर्मा सीईओ पुनासा**

# मुख्य मार्ग पर दिनभर बनी रहती है जाम की स्थिति, किसी को नहीं पता क्या होगा अंजाम

बाग। नगर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या अब नासूर बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि जितने इंतजाम किए जाते हैं, कई बार उससे अधिक अव्यवस्था नजर आने लगती है। मुख्य मार्ग पर हर कोई जल्द से जल्द निकलने की कोशिश में वाहन दौड़ाता नजर आता है, वहीं सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन और दुकानों का सामान सड़क तक आ जाने से यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है।

गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व शाम के समय नगर के मुख्य मार्ग लोहार फलिया क्षेत्र में करीब 20 मिनट तक लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहा। यह स्थान थाने से महज करीब 50 मीटर की दूरी पर है। खास बात यह रही कि साई सिटी कॉलोनी के गेट के समीप यातायात सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स भी लगाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद मुख्य मार्ग की लगभग आधी सड़क पर एक चार पहिया वाहन खड़ा कर दिया गया। वाहन में व्यापारिक सामग्री भरी थी और सड़क पर ही माल उतारने का काम चल रहा था। इसके चलते दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ और देखते ही देखते जाम की स्थिति बन गई।

करीब 20 मिनट बाद जब संबंधित वाहन को हटाया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। त्योहार के ठीक पहले मुख्य मार्ग पर बनी इस स्थिति ने यातायात व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए।



**त्योहारों से पहले मुख्य मार्ग पर बढ़ा यातायात का दबाव, सड़क पर खड़े वाहन और दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण के साथ सड़क पर लगी दुकानों से बिगड़ रही व्यवस्था**

### त्योहारों पर बढ़ जाता है दबाव

त्योहारों के दौरान बाग नगर में वाहनों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी बढ़ जाती है। नगर के मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से चार पहिया वाहनों का प्रवेश, दुकानों का सड़क तक फैलना, घरों एवं दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों का खड़ा होना और माल उतारने के लिए सड़क पर ही वाहन रोक देना जाम की प्रमुख वजह बनते जा रहे हैं।

सबसे अधिक परेशानी दुपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ती है। जाम के बीच पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस अथवा जरूरी सेवा के वाहनों के लिए भी रास्ता बाधित होने की स्थिति बन जाती है।

### जिम्मेदारों को त्योहारों पर विशेष व्यवस्था की जरूरत

नगरवासियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जाने चाहिए। मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात नियंत्रण, जरूरत के अनुसार चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर निगरानी, सड़क पर माल उतारने वाले वाहनों पर कार्रवाई तथा बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई जरूरी है।

साथ ही दुकानदारों को भी अपनी दुकानों का सामान सड़क की सीमा तक नहीं फैलाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए। यातायात व्यवस्था केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि व्यापारियों और वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

त्योहार खुशियों के लिए आते हैं, लेकिन यदि मुख्य मार्ग पर जाम और अव्यवस्था बनी रही तो आमजन की परेशानी बढ़ती रहेगी।

जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभाग त्योहारों से पहले ही ठोस यातायात योजना बनाकर उसका प्रभावी पालन करवाएं, ताकि बाग नगर की जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

नगर की ट्रेफिक व्यवस्था बहुत ही ज्यादा चरमराई हुई इस व्यवस्था को लेकर आड़े कदम उठाते हुए शिघ्र कोई विकल्प निकालकर नगर की इस समस्या का समाधान होना चाहिए वर्ना हालात भविष्य में ओर भी ज्यादा खराब हो जाएंगे ।

# बड़वाह पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जुआ खेलने वाले 5 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

इंदौर। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद द्वारा अवैध रुप से संचालित जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशो के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के निर्देशन अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत व समस्त थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में थाना बडवाह अंतर्गत ताश पत्तो से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलने वाले आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ।



### घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 26.08.26 की दरमियानी रात को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना बड़वाह की टीम द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए दबिश देकर घेराबंदी कर रुपाबैड़ी गाँव के बाहर नाले के पास एक टापरी में गोल घेरा बनाकर रुपए पैसे से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते 05 व्यक्तियों को पंचानों के समक्ष पकड़ा जिनका कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट का होने से पंचानों के समक्ष उनके कब्जे से कुल 10,500 रुपए नगद, एक नई तास की गड्डी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए तथा आरोपीगण पवन पटेल, मोहन चौहान, पप्पु मानकर, सुनिल बलाई एवं बबलू कंहार को समक्ष पंचान मौके पर गिरफ्तार किया जाकर थाना लाए। थाना वापसी पर आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 495/26 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम** -

1. पवन पिता धन्नालाल पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी टोकी,
2. मोहन पिता विजयसिंह चौहन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रुपाबेड़ी ,
3. पप्पु पिता नानु उम्र 24 साल जाति मानकर निवासी रुपाबेड़ी,
4. सुनिल पिता नहारु उम्र 35 साल जाति बलाई निवासी ग्राम रुपाबेड़ी और
5. बबलु पिता नानुराम उम्र 30 साल जाति कहार निवासी रुपाबेड़ी

जप्त मश्रुका

1.आरोपीगण के कब्जे से जप्त नगदी कुल 10,500 रुपए, तास की नई गड्डी एवं 52 ताश के पत्ते

**पुलिस टीम** -उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) अर्चना रावत के नेतृत्व में थाना प्रभारी बड़वाह राजेन्द्र बर्मन, उनि रैणुका राठौर, प्र.आर.797 नितिन, आर.953 रवि यादव, आर.812 विजय सिसौदिया, आर.239 विनोद

# दो घरों में चोरी से मचा हड़कंप, चोरों के हौसले बुलंद

**एक घर से सोने के कंगन-मंगलसूत्र सहित नकदी चोरी, दूसरे घर से चांदी के आभूषण ले गए चोर**



भीकनगांव पीयूष अग्रवाल इंदौर समाचार भीकनगांव। नगर में अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पहली घटना ईगरिया निवासी अतिथि शिक्षक सुमित कनाडे के घर हुई। चोर घर से सोने के दो कंगन, दो मंगलसूत्र, चार कान की बालियां और दो नथनी सहित करीब 40 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी घटना वृंदावन कॉलोनी निवासी पंकज राठौर के घर हुई। यहां से अज्ञात चोर बिछिया, पायल और अन्य चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात करीब 2ञ्22 बजे वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से रहवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाकर चोरों का पता लगाना चाहिए। पुलिस द्वारा घटनाओं की जांच कर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

# शासकीय महाविद्यालयों की बदहाली पर अभाविप का प्रदेशव्यापी 'विद्यार्थी हुंकार अभियान'



मनावर से बसन्त ज़ख्मी,(इंदौर समाचार) शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा प्रदेशव्यापी 'विद्यार्थी हुंकार अभियान' के तहत प्रदर्शन किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में अभाविप कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टरों के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इसी क्रम में कुक्षी में भी सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों ने मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की तथा इनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

**स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर**

13 -14 , तिरूपति नगर स्टेशन रोड़, मन्दसौर ( म. प्र. ) 458001
टेलीफोन नं 07422-241104, 405622

क्रमांक 10 — दिनांक 14 अगस्त 2026

**सूचना पत्र**

बैंक के समस्त अंषधारियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक, मुम्बई से बैंक के समाकलन (Amalgamation) हेतु प्राप्त सैध्दांतिक मंजूरी (In Principal Approval) पर चर्चा करने एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आगामी स्वीकृति प्राप्त करने हेतु बैंक की एक विशेष साधारण सभा आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। नियत समय पर गणपूर्ति नही होने पर आधा घण्टा प्रतिक्षा के उपरांत इसी स्थान पर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी।

**दिनांकः 30 अगस्त 2026 रविवार समय सायं 4 बजे**
**स्थानः एम आई टी कॉलेज रेवास देवड़ा रोड़ मंदसौर**

**विषय सूची**

1. स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मंदसौर के साथ दी कोणार्क अरबन कॉपरेटिव बैंक लि. उल्हासनगर (ठाणे) के समाकलन (Amalgamation) हेतु भारतीय रिजर्व बैंक मुबंई से प्रदान की गई सैध्दांतिक स्वीकृति (In Principal Approval) के मुख्य बिंदुओं को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करना।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# संजीवनी 108 वाहन का बार बार बीमार होने से मरीजों की हो रही फजीहत

## बीती रात्रि में भी सिरियस मरीज को नहीं मीली संजीवनी 108 की सेवा

बाग - शासकीय संजीवनी 108 वाहन बीते 15/20 दिनों से अपनी सेवा देने से वंचित हैं । जबकी शासन ने यह सेवा 24 घंटे देने के लिए शासकीय अस्पतालो में दे रखी हे रिकी किसी गरीब व्यक्ति या आम एमरजेंसी केस को रेफर करने में कोई परेशानी ना आए और उस पर आर्थिक बोझ भी ना पड़े परंतु बाग स्वास्थ्य केंद्र की शासकीय संजीवनी 108 वाहन आए दिन बीमार हो जाती है और मरीजों को इसका लाभ नहीं मील पाता है जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनो को एमरजेंसी ले जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता हे। एसा ही एक मामला बीती रात्रि को भी सामने आया है





**दो घंटे तक मरीज को बहार ले जाने के कारण परेशान होते रहे परिजन** -बीती रात्रि को दो युवकों का बाइक से एक्सीडेंट हो गया था जिसमें बाग बंशी कालोनी निवासी बुरी तरह घायल हो गये थे जिनका प्राथमिक उपचार बाग स्वास्थ केन्द्र के ड्यूटी डाक्टर विश्वजीत पटेल एवं स्टाफ नर्सो द्वारा दिया गया था और उन्हे बहार रेफर किया गया था मगर संजीवनी 108 वाहन समय पर नहीं उपलब्ध होने से घायल मरीजों के परिजनों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं वाहन को लेकर अस्पताल में वाद विवाद भी स्टाफ से हुआ सिरियस मरीज को बहार ले जाने के लिए वाहन का समय पर नहीं ऐउपलब्ध होना आक्रोष पैदा कर रहा था मगर इसमें वहां मोजूद स्टाफ और डाक्टरों का कोई ग़लती तो नहीं बनती फिर भी जेसे तेसे मामले को शांत किया गया और दूसरी वाहन बुलाकर दो घंटे बाद मरीजों को बहार रेफर किया गया दोनों के सीर में चोट लगी थी । इस संबंध में 108 के यहां के प्रमुख से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया की वाहन खराब हे । 15/20 दिन उसकी आईल सील खराब हे उस हेतु राजगढ़ में काम चल रहा है ।




**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना पुराना नाम सिद्दीक़ा बी (SIDDIQA BEE) पति मोहम्मद इब्राहिम (MOHAMMED IBRAHIM) से बदलकर सिद्दीक़ा बी खत्री (SIDDIQA BEE KHATRI ) पति मोहम्मद इब्राहीम खत्री (MOHAMMAD IBRAHEEM KHATRI) रख लिया है अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सिद्दीक़ा बी खत्री (SIDDIQA BEE KHATRI ) पति (MOHAMMAD IBRAHEEM KHATRI) से ही जाना व पहचाना जावे

**पता - सिद्दीक़ा बी खत्री पति मोहम्मद इब्राहीम खत्री पिता मकान न. 24 संजय कॉलोनी नागचून रोड खंडवा ज़िला खंडवा मध्य प्रदेश मो. न. 8880623630**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना पुराना नाम मोहम्मद इब्राहिम (MOHAMMED IBRAHIM) पिता मूसा जी (MOOSA JI ) से बदलकर मोहम्मद इब्राहीम खत्री (MOHAMMAD IBRAHEEM KHATRI) पिता मूसा जी (MOOSA JI ) रख लिया है अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम मोहम्मद इब्राहीम खत्री (MOHAMMAD IBRAHEEM KHATRI) पिता मूसा जी (MOOSA JI ) से ही जाना व पहचाना जावे

**पता - मोहम्मद इब्राहीम खत्री पिता मूसा जी मकान न. 42 संजय कॉलोनी नागचून रोड वार्ड न. 36 खंडवा ज़िला खंडवा मध्य प्रदेश मो. न. 8880623630**